17.01.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

विदिशा सड़क परियोजना

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब से कुछ देर बाद विदिशा जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे राज्य में 4 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कुल 181 किलोमीटर लंबी 8 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही 3 नए ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर की भी शुरुआत की जाएगी। इन परियोजनाओं से प्रदेश में सड़क सुविधा बेहतर होगी और लोगों को सुरक्षित व सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। श्री गडकरी 418 करोड़ रुपये की लागत से बने अब्दुल्लागंज से इटारसी खंड का 4-लेन चौड़ीकरण और 60 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 27 किलोमीटर लंबा देहगांव से बम्होरी मार्ग का लोकार्पण करेंगे। साथ ही भोपाल से विदिशा, विदिशा से ग्यारसपुर, ग्यारसपुर से राहतगढ़ और राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक के मार्ग का 4-लेन चौड़ीकरण का शिलान्यास भी होगा। इसके अलावा सागर वेस्टर्न बाईपास का 4-लेन सड़क निर्माण होगा, जिस पर कुल 688 करोड़ रुपये की लागत आएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री और स्थानीय सांसद शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहेंगे।

मोदी असर दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से बंगाल और असम के दो दिवसीय दौरे की शुरूआत करेंगे, मालदा रेलवे स्टेशन से भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। श्री मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान विभिन्न विकास परियोजना का शिलान्यास करेंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जानकारी दी।

यूका फैक्ट्री निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज भोपाल के जेपी नगर में स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गैस राहत से जुड़े अफसरों से भी चर्चा की। डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में अदालत के मार्गदर्शन में इस स्थान पर मेमोरियल समेत क्या-क्या कर सकते हैं, इसके सुझाव लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों को विश्वास में लेकर इस जगह को बेहतर बनाएंगे। गौरतलब है कि 40 साल के अंतराल में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने फैक्ट्री का निरीक्षण किया है।

राहुल इंदौर दौरा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज इंदौर आए और बाम्बे हास्पिटल में दूषित पेयजल से प्रभावित पीड़ितों से मुलाकात की। साथ ही भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और सहायता राशि के चेक सौंपे। इस दौरान उनके साथ राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह मौजूद रहे।

मौसम

उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से प्रदेश में तेज सर्दी पड़ रही है। बीती रात उमरिया प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री पहुंच गया। सुबह 15 से ज्यादा जिलों में हल्के से मध्यम कोहरा रहा। मौसम विभाग ने आज शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, कटनी और मैहर में शीतलहर की चेतावनी जारी की है। हालांकि इधर भोपाल, रायसेन, सीहोर सहित आसपास के जिलों में पड़ रही तेज धूप से लोगों को सर्दी से राहत मिली है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा दर्ज किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

1- ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत शौचालयों की स्वच्छता व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, व्यवस्थित एवं सतत बनाने के उद्देश्य से “स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील सेवा की शुरुआत आगरमालवा जिले की जनपद पंचायत नलखेड़ा में कल से हुई।

2- लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत नीमच जिले में 1 लाख 55 हजार 744 महिलाओं के खाते में 22 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की गई है।

3- शिवपुरी जिले में हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कल विशेष जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

4- भारत और न्यूजीनैंड के बीच तीसरा एकदिवसीय क्रिकेट मैच कल इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। दिन-रात के इस मैच के लिए तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। मैच से पहले आज विराट कोहली और कुलदीप यादव ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में शामिल हुए।